[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 | वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 260, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत | +91-9594542679 | www.padmavatmedia.in | padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

निषेध से आकर्षण बढ़ता है। जिस चीज का इंकार किया जाए,उसमें एक तरह का रस पैदाहोना शुरू हो जाता है।

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट .... 02

03 जैन धर्म भारतीय संस्कृति ...

## खबर संक्षेप

### पर्यटकों में दहशत फैलाने वाला रीलबाज गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंबामाता थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर चाकू लहराकर रील बनाकर पर्यटकों और आमजन में भय का माहौल पैदा करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अवैध धारदार चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान फतहसागर पाल पर एक युवक का खुलेआम चाकू लहराते हुए वीडियो सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर रमेश कुमार (22) निवासी अमरपुरा, थाना झाड़ोल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने और लोगों में रौब व भय पैदा करने के उद्देश्य से वीडियो बनाना स्वीकार किया। उदयपुर पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन कर कानून-व्यवस्था प्रभावित करने या सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो प्रसारित करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



### नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत निर्धारित मापदंडों की अनुपालना हो सुनिश्चित : जिला कलक्टर

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक गुरूवार को जिला



कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिला कलक्टर ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर शहर की आबोहवा में सुधार करना है, इसके लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में धूलीय कणों के उत्सर्जन को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किये जाएं। उन्होंने कहा नगर निगम एवं पॉल्यूशन कंट्रोल बॉर्ड के अधिकारी सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगाएं। जिला कलक्टर ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पारित निर्णयों की अनुपालना पर चर्चा की , जिसमें मकान निर्माण सामग्री के उचित निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए हैं। जयपुर जिले में वायु प्रदूषण नियंत्रण करने और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएं, इसके लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत निर्धारित मापदंडों की पालना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जयपुर में स्वच्छ हवा के लिए हरित क्षेत्र बढ़ाने, एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल करने सहित जिला पर्यावरणीय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बैठक में फोगिंग मशीन से एमजीसीएल का छिड़काव करने सहित कई अहम सुझाव दिये। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् प्रतिभा वर्मा, उपवन संरक्षक वी. केतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) राजीव द्विवेदी, जिला पर्यावरण समिति के सदस्य, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान में 9 कैंटर सामान जब्त, 20 हजार कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की




कार्रवाई करते हुए 9 कैंटर सामान जब्त किया तथा अतिक्रमणकताओं से 20 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूला। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, वैशाली नगर, धावास, गोपालपुरा, सांगानेर और अन्य क्षेत्रों में अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। जब्त सामान को निगम के गोदाम में भिजवाया गया। सतर्कता शाखा ने अतिक्रमणकताओं को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों की अनदेखी करने पर भारी जुमार्ना और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उदयपुर ने रचा विश्व कीर्तिमान: उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया सम्मानित, योग ज्योत्स्ना पत्रिका का भव्य विमोचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय, उदयपुर ने योग जनजागरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य समारोह में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा को विश्व कीर्तिमान की ट्रॉफी एवं आधिकारिक प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी अवसर पर स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा तैयार शोध आधारित पत्रिका योग ज्योत्स्ना का भी विधिवत विमोचन किया गया।

सुश्रुत सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, विद्यार्थियों एवं आयुष क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि महाविद्यालय ने 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत 16 अप्रैल से 15 मई तक 33 हजार 628 नागरिकों को योगाभ्यास कराकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि केवल उदयपुर महाविद्यालय की नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान और आयुष विभाग के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है और उदयपुर का यह प्रयास योग जागरूकता अभियान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित होगा।

उन्होंने महाविद्यालय द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में चलाए गए योग जनजागरण अभियान, योग रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, योग संगोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच











विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने प्रो. किशोरी लाल शर्मा के संपादन में प्रकाशित शोध पत्रिका योग ज्योत्स्ना को योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल बताते हुए कहा कि यह पुस्तक योग के वैज्ञानिक पक्ष, अनुसंधान और व्यवहारिक ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए महाविद्यालय में 13 नए कक्षों तथा 6 राजकीय आवासों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे शिक्षण सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में आम का पौधा लगाकर राज्य सरकार की हरियालो राजस्थान मुहिम को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का आधार औषधीय वनस्पतियां हैं और इनके संरक्षण के बिना आयुर्वेद की समृद्ध परंपरा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने विश्व कीर्तिमान स्थापित करने और योग ज्योत्स्ना पत्रिका के प्रकाशन पर महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे मेवाड़ के लिए गौरव का विषय है। शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि योग और आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की वैज्ञानिक जीवनशैली हैं।

पत्रिका के संपादक प्रो. किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि योग ज्योत्स्ना का उद्देश्य योग के प्राचीन ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत कर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को अनुसंधान के लिए प्रेरित करना है। इसमें योग, स्वास्थ्य संवर्धन, रोग निवारण तथा आधुनिक शोध पर आधारित महत्वपूर्ण लेखों का समावेश किया गया है, जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, आयुर्वेद एवं योग चिकित्सकों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि विश्व कीर्तिमान की यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय परिवार के सामूहिक समर्पण, अनुशासन और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी संस्था आयुर्वेद, योग, शिक्षा, अनुसंधान और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार एवं जनहितकारी गतिविधियों को इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाती रहेगी। समारोह में महाविद्यालय के सहायक लेखाधिकारी संजय कुमार पानेरी को उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। लगभग 80 प्रतिशत दिव्यांगता होने के बावजूद उन्होंने वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों का कुशल, पारदर्शी और समयबद्ध निष्पादन कर संस्था की कार्यप्रणाली को नई गति प्रदान की। अतिथियों ने उनकी कर्मनिष्ठा, साहस और समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन क्रिया शरीर विभागाध्यक्ष प्रो. किशोरी लाल शर्मा ने किया, जबकि महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. इकबाल खान गौरी ने बताया कि राष्ट्रगान के साथ समारोह का गरिमापूर्ण समापन हुआ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल बनी सुशासन का मॉडल:

# एक माह में प्रदेशभर में 18,953 सेवा शिविर, लाखों लोगों को मिला त्वरित लाभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर सुशासन और जनसेवा की नई मिसाल बनकर उभरे हैं। राज्य सरकार के अनुसार 12 जून से 15 जुलाई तक प्रदेश में 18,953 सेवा शिविर आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से लाखों लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का त्वरित लाभ मिला। मुख्यमंत्री की सतत मॉनिटरिंग और प्रभावी क्रियान्वयन से इन शिविरों का व्यापक असर शहरों से लेकर गांवों तक देखने को मिला।

ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित 10,564 सेवा शिविरों में वर्षों से लंबित राजस्व मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान 1.90 लाख से अधिक नामांतरण, 46,885 सीमाज्ञान एवं पत्थरगढ़ी, 26,711 आपसी सहमति से विभाजन तथा 17,696 रास्तों से जुड़े प्रकरणों का समाधान किया गया। इसके अलावा 2.19 लाख राजस्व अभिलेखों का शुद्धिकरण, 3.37




लाख से अधिक जाति, मूल निवास एवं हैसियत प्रमाण-पत्र जारी किए गए। वहीं 2.12 लाख से अधिक किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण तथा 1.02 लाख से अधिक पट्टों का वितरण भी किया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी शिविरों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। शिविरों में 24.84 लाख से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार, 11.08 लाख नागरिकों की टीबी स्क्रीनिंग तथा 4.65 लाख महिलाओं की ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 3.11 लाख से अधिक पशुओं का बीमा तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 47 हजार से अधिक पॉलिसियां वितरित की गईं। शहरी क्षेत्रों में आयोजित 8,389 सेवा शिविरों के माध्यम से 42,252 पट्टे, 13,242 नाम हस्तांतरण तथा 7,186 भवन मानचित्र प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं 1,00,897 जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, 18,590 पीएम स्वनिधि ऋण आवेदन तथा 41,442 नए विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा 67,646 स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, 22,104 नई स्ट्रीट लाइटों की स्थापना, 27,509 कचरा संवेदनशील स्थलों का निस्तारण तथा पालनहार योजना के तहत 12,540 सत्यापन भी किए गए।

राज्य सरकार ने कहा कि सेवा शिविरों का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे। यही सोच इन सेवा शिविरों को जनकल्याण और सुशासन का प्रभावी माध्यम बना रही है।

### फर्जी ट्रेडिंग-आईपीओ निवेश के नाम पर करोड़ों की साइबर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की स्टेट साइबर क्राइम थाना टीम ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं आईपीओ निवेश के नाम पर साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में गिरोह द्वारा देशभर में 50 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार जयपुर के एक चिकित्सक से 61.77 लाख रुपये की ठगी की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई। आरोपियों ने फर्जी निवेश पोर्टल बनाकर अधिक मुनाफे का झांसा दिया और विभिन्न बैंक खातों में राशि जमा करवा ली। जांच में टेरापल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में होना सामने आया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी कंपनी के निदेशक हैं। गिरोह के खिलाफ साइबर क्राइम पोर्टल पर 250 से अधिक शिकायतें और विभिन्न राज्यों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य आरोपियों और बैंक खातों की जांच कर रही है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या टेलीग्राम पर मिलने वाले निवेश प्रस्तावों पर बिना सत्यापन भरोसा न करें तथा केवल अधिकृत निवेश प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें।

# हरियालो राजस्थान अभियान में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण और जियो-टैगिंग के एडीएम ने दिए सख्त निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी हरियालो राजस्थान अभियान को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने और निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान की प्रगति, विभागवार लक्ष्य, पौधारोपण की स्थिति, जियो-टैगिंग तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में जिले के सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए तथा लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो-टैगिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान की पारदर्शी निगरानी और वास्तविक प्रगति का सटीक आकलन किया जा सके।

डॉ. सापेला ने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक पौधे का संरक्षण, नियमित देखरेख और जीवित बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि



अभियान की सफलता तभी मानी जाएगी जब लगाए गए पौधे सुरक्षित रहकर विकसित होंगे।

उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित विभागों की नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करें तथा बेहतर समन्वय स्थापित कर अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि जिले में हरियाली बढ़ाने का लक्ष्य प्रभावी ढंग से पूरा हो सके।

**समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, पांच दिन में अद्यतन रिपोर्ट तलब**

समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं सभी सीबीईओ को निर्देश दिए कि पौधारोपण अभियान में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करें और अभियान की गति में उल्लेखनीय सुधार लाएं।

बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि आगामी पांच दिनों के भीतर पौधारोपण एवं जियो-टैगिंग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि अभियान की प्रभावी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा सकें।बैठक के अंत में हरियालो राजस्थान अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने, पौधों के संरक्षण, नियमित मॉनिटरिंग तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों से अभियान को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

# ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन में बड़ा संगठनात्मक बदलाव: पवन जैन पदमावत बने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई ।** देशभर के जैन पत्रकारों के सबसे सक्रिय राष्ट्रीय संगठनों में शामिल ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (AIJJA) ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी ***पवन जैन पदमावत*** को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री नियुक्त किया है। इससे पहले वे संगठन में महाराष्ट्र प्रदेश सचिव के रूप में सफलतापूर्वक दायित्व निभा चुके हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता, समर्पण एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह नियुक्ति संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के नेतृत्व एवं अनुमोदन से की गई। राष्ट्रीय महासचिव महावीर श्रीश्री माल ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि ***पवन जैन पदमावत*** अब संगठन के राष्ट्रीय विस्तार, विभिन्न राज्यों में नई इकाइयों के गठन, संगठनात्मक गतिविधियों के समन्वय तथा देशभर के जैन पत्रकारों को एक मजबूत मंच पर जोड़ने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और कार्यशैली से संगठन को नई दिशा और नई गति मिलेगी।



*पूर्व महाराष्ट्र प्रदेश सचिव को राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, देशभर के जैन पत्रकारों को एकजुट कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प*

***पवन जैन पदमावत*** पिछले डेढ़ दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे पदमावत मीडिया के संस्थापक एवं प्रधान संपादक हैं तथा जनहित, सामाजिक सरोकारों, पारदर्शिता, सुशासन, भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों और समाज जागरण से जुड़े विषयों पर लगातार प्रभावी पत्रकारिता करते रहे हैं। उन्होंने पत्रकारिता को केवल समाचारों तक सीमित न रखकर समाज सेवा का माध्यम बनाया है। यही कारण है कि उनकी पहचान एक सक्रिय, निष्पक्ष एवं जनपक्षधर पत्रकार के रूप में स्थापित हुई है।

पत्रकारिता के साथ-साथ ***पवन जैन पदमावत*** विभिन्न सामाजिक संगठनों में भी महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। समाजहित, महिला सुरक्षा, मानवाधिकार, युवा जागरूकता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को लेकर उनके द्वारा समय-समय पर चलाए गए अभियानों की व्यापक सराहना हुई है। उनके उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड में भी स्थान प्राप्त हो चुका है तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

नवनियुक्त राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ***पवन जैन पदमावत*** ने इस अवसर पर संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया, राष्ट्रीय महासचिव महावीर श्रीश्री माल तथा संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि संगठन और समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य देशभर के जैन पत्रकारों को एकजुट कर उन्हें एक सशक्त राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है, जहां पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान, सुरक्षा, प्रशिक्षण, पेशेवर विकास और संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रभावी कार्य किए जा सकें। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होता है और जैन पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए संगठन निरंतर प्रयास करेगा।

***पवन जैन पदमावत*** ने कहा कि यदि देश के किसी भी हिस्से में किसी जैन पत्रकार को पत्रकारिता के दौरान किसी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न, दबाव या अन्य कोई कठिनाई आती है तो संगठन उसके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। संस्था के माध्यम से संबंधित विभागों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सक्षम प्राधिकारियों तक विषय पहुंचाकर न्याय दिलाने और समस्याओं के समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि संगठन केवल पदाधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रत्येक जिले और प्रत्येक राज्य के जैन पत्रकारों को जोड़कर एक मजबूत राष्ट्रीय परिवार के रूप में विकसित किया जाएगा। नई पीढ़ी के पत्रकारों को प्रोत्साहित करने, पत्रकारिता में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने, संवाद, प्रशिक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को मजबूत करने की दिशा में भी विशेष पहल की जाएगी।

संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि ***पवन जैन पदमावत*** लंबे समय से संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता, समाज के प्रति समर्पण और पत्रकारिता के अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन का राष्ट्रीय विस्तार और अधिक तेजी से होगा तथा देशभर के जैन पत्रकारों को एक मजबूत एवं प्रभावी मंच मिलेगा।

राष्ट्रीय महासचिव महावीर श्रीश्री माल सहित संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विभिन्न राज्यों के जैन पत्रकारों ने ***पवन जैन पदमावत*** की नियुक्ति का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व, अनुभव और दूरदर्शी सोच से ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा देशभर के जैन पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठनात्मक एकता को नई मजबूती मिलेगी।

# सलूम्बर में बिना FSSAI लाइसेंस शादी-ब्याह में नहीं बनेगा खाना, खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती शुरू

## कैटरर्स, हलवाइयों और आयोजन स्थलों के लिए नए नियम लागू, उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** जिले में विवाह समारोह, धार्मिक आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों और अन्य सार्वजनिक आयोजनों में अब खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। राज्य सरकार की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू होने के बाद जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बड़े आयोजनों में भोजन तैयार करने और परोसने का कार्य केवल वैध FSSAI लाइसेंस अथवा पंजीकरणधारी हलवाई एवं कैटरर्स ही कर सकेंगे। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नई व्यवस्था के तहत आयोजकों को कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी होगी। इसमें आयोजन की तिथि, समय, स्थान, आयोजक का नाम एवं मोबाइल नंबर,




भोजन तैयार करने वाले कैटरर या हलवाई का नाम, उसका ऋरअक लाइसेंस नंबर, अनुमानित अतिथियों की संख्या तथा भोजन तैयार और परोसने के स्थान का विवरण देना अनिवार्य होगा।

जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी जोखिम आधारित निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता, खाद्य पदार्थों का सुरक्षित भंडारण, तापमान नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य खाद्य सुरक्षा मानकों की गहन जांच की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच भी कराई जाएगी।

नई एसओपी के तहत जिले के सभी मैरिज गार्डन, बैंक्वेट हॉल, होटल, धर्मशाला, सामुदायिक भवन एवं फार्म हाउस संचालकों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके परिसर में केवल वैध FSSAI लाइसेंसधारी खाद्य व्यवसाय संचालकों द्वारा ही भोजन तैयार एवं परोसा जाए।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई हलवाई, कैटरर अथवा अन्य खाद्य व्यवसाय संचालक बिना वैध लाइसेंस या पंजीकरण के कार्य करता पाया गया तो उसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके माध्यम से आयोजकों, कैटरर्स, हलवाइयों तथा आयोजन स्थल संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी देकर सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि सार्वजनिक आयोजनों में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

## सीबीआई का बड़ा ट्रैप:

# केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम के प्रबंध निदेशक 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली/नोएडा ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (केएपीएल) के प्रबंध निदेशक अनुराग दानायक को रिश्वतखोरी के मामले में 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को 15 जुलाई को नोएडा में सीबीआई द्वारा बिछाए गए ट्रैप के दौरान पकड़ा गया।

सीबीआई के अनुसार आरोपी प्रबंध निदेशक ने भोपाल स्थित एक अधिकृत सेवा एजेंट फर्म से करीब 15 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। आरोप है कि यह रिश्वत फर्म के सर्विस एजेंट एग्रीमेंट के नवीनीकरण, अतिरिक्त सरकारी संस्थानों के आवंटन की स्वीकृति तथा दवाओं की बिक्री पर मिलने वाले कमीशन में हिस्सेदारी के बदले मांगी गई थी।




सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को 15 लाख रुपये की मांग के एवज में पहली किस्त के रूप में 5 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बेंगलुरु, नोएडा और जबलपुर स्थित आरोपी के आवास एवं कार्यालयों पर एक साथ तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान सीबीआई ने 75 लाख रुपये नकद, लगभग 4 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा, करीब 697 ग्राम सोने के आभूषण एवं सिक्के जिनकी अनुमानित कीमत 86 लाख रुपये है, तथा एक आवासीय फ्लैट से संबंधित संपत्ति दस्तावेज बरामद किए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

# झल्लारा तहसील में नवनियुक्त तहसीलदार दैवींग भाभोर का करणी सेना ने किया आत्मीय स्वागत



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : ईश्वरलाल सुथार**

**झल्लारा।** तहसील कार्यालय झल्लारा में नवनियुक्त तहसीलदार दैवींग भाभोर के पदभार ग्रहण करने पर करणी सेना परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। करणी सेना तहसील अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान (खंडेला) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर उपरणा पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर गोविंद सिंह चौहान ने कहा कि प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त तहसीलदार के नेतृत्व में आमजन के राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों का त्वरित और पारदर्शी समाधान होगा। साथ ही करणी सेना की ओर से जनहित एवं क्षेत्रीय विकास के कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। स्वागत समारोह में करणी सेना जिला संरक्षक नाथूसिंह भबराना, गोपालसिंह बोरी, चन्द्रवीरसिंह, भाजपा मंडल महामंत्री वालजी पटेल, ईश्वर चौबीसा सहित करणी सेना के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मेवाड़ की गौरवशाली परम्परा का साक्षी बनी जगन्नाथ रथयात्रा, डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने श्रद्धाभाव से की अगवानी

## भगवान श्री जगन्नाथ रायजी की आरती कर प्रदेश और जनकल्याण की कामना, राजपरम्परा का हुआ भव्य निर्वहन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ रायजी की ऐतिहासिक रथयात्रा में मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने पूर्ण श्रद्धा, भक्ति एवं राजपरम्परा के अनुरूप सहभागिता निभाई। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक गौरव और लोकपरम्परा के अनुपम संगम बने इस आयोजन में उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ रायजी के समक्ष प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ धर्मसभा के सदस्यों एवं विद्वान पंडितों के साथ पैदल श्री जगदीश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ रायजी के दर्शन कर श्रीफल, पुष्पमाला, प्रसाद एवं भेंट अर्पित की। इसके पश्चात मंदिर की परिक्रमा कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

दर्शन उपरांत श्रीजी हुजूर मंदिर प्रांगण से जगदीश चौक पहुंचे, जहां रजत रथ में विराजित भगवान श्री जगन्नाथ रायजी की विधिवत आरती उतारी और पुष्पमाला अर्पित की। इस दौरान पूरा वातावरण 'जय जगन्नाथ' एवं 'एकलिंगनाथ जी की जय' के गगनभेदी जयघोषों से भक्तिमय हो उठा। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और धार्मिक उल्लास के बीच रथयात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई।

रात्रि में जब भगवान श्री जगन्नाथ रायजी की रथयात्रा राजमहल स्थित शीतलामाता जी द्वार पहुंची तो डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ अपने परिवार सहित पुनः दर्शन के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने भगवान को श्रीफल, फल, प्रसाद एवं अन्य भेंट अर्पित कर पुष्पवर्षा की तथा आरती कर समस्त समाज के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की प्रार्थना की।

उल्लेखनीय है कि मेवाड़ राजपरिवार द्वारा सदियों से भगवान श्री जगन्नाथ रायजी की रथयात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों में राजपरम्परा का विधिवत निर्वहन किया जाता रहा है। उसी गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाते हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ निरंतर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। उनका यह श्रद्धाभाव मेवाड़ की सनातन संस्कृति, लोकआस्था और समृद्ध धार्मिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण माना जा रहा है।







## खबर संक्षेप

### पवन ऊर्जा संयंत्र से केबल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर @ पदमावत मीडिया।** सदर थाना पुलिस ने पवन ऊर्जा संयंत्र से तांबे की केबल चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार 15 मई की रात सागाणा क्षेत्र स्थित पवन ऊर्जा संयंत्र का ताला तोड़कर तांबे की केबल चोरी की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर लालचंद (20) निवासी बाप, जिला फलौदी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों एवं चोरी किए गए माल के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### एनडीपीएस एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर @ पदमावत मीडिया।** सदर थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर महिपालदान (27) निवासी झणकली, जिला बाड़मेर को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। आरोपी झिंझिनियाली थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में वांछित था। मामले में अनुसंधान जारी है।

### दुर्घटना पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना से 5 लाख की सहायता

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया। सलूम्बर।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य दुर्घटना बीमा




योजना के तहत परसाद क्षेत्र के ग्राम नाल निवासी एक दुर्घटना पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेन्द्र कुमार, सीएचसी परसाद के प्रभारी डॉ. महेन्द्र डामोर तथा सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश मीणा के प्रयासों से धुला मीणा की दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके परिजनों को योजना का लाभ दिलाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में पात्र परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लाभार्थी परिवार ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

### राहवीर सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री प्रेमचंद बेरवा ने गुरुवार को तीसरे राहवीर सम्मान समारोह



एवं हेलमेट डे-2026 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा, आधार फाउंडेशन के नारायण चौधरी, प्रीति पामेचा एवं अनिल सहदेव उपस्थित रहे। नारायण चौधरी ने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, आधार फाउंडेशन ट्रस्ट तथा गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 23 जुलाई को गीतांजलि मेडिकल कॉलेज के नर्मदा ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले राहवीरों को सम्मानित किया जाएगा।

### सीएनजी पंपों का औचक निरीक्षण, सभी डिस्पेंसर मानकों के अनुरूप मिले

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उपभोक्ता हितों के संरक्षण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग ने जिले के विभिन्न सीएनजी पंपों का औचक निरीक्षण




किया। निरीक्षण के दौरान बलिचा स्थित पटेल फिलिंग स्टेशन, तीतरड़ी स्थित सालासर इंडियन ऑयल, एकलिंगपुरा स्थित श्री किशन फिलिंग स्टेशन तथा कोको बीपी के सीएनजी डिस्पेंसरों की फ्लो मीटर से जांच की गई। सभी पंपों पर सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रदर्शित मिले तथा सभी डिस्पेंसर निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए। निरीक्षण दल में विधिक माप विज्ञान अधिकारी राकेश माहेश्वरी एवं टेक्नीशियन भावेश भारद्वाज शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### डाक विभाग ने फ्रेंचाइजी के लिए मांगे आवेदन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** डाक सेवाओं के विस्तार के लिए उदयपुर डाक मंडल ने फ्रेंचाइजी संचालकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 6 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों के माध्यम से स्पीड पोस्ट, पार्सल एवं अन्य डाक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### श्रम विभाग का विशेष शिविर 20 से 22 जुलाई तक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** श्रम विभाग 20 से 22 जुलाई तक मिशन मोड शिविर आयोजित करेगा। शिविर में निर्माण श्रमिकों के निरस्त आवेदनों की ऑनलाइन अपीलों का निस्तारण किया जाएगा। श्रमिकों से सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की गई है।

### आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ आज

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** हिरण मगरी सेक्टर-8 स्थित नए आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ 17 जुलाई को शाम 4 बजे सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।

### स्वरोजगार ऋण पर मिलेगा 50 हजार तक अनुदान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र व्यक्तियों एवं समूहों को स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण पर परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये तक अनुदान दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिला परिषद परिसर स्थित अनुजा निगम कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### उदयपुर-सलूंबर के 4,486 विद्यालयों को 3.55 करोड़ रुपये की कंपोजिट स्कूल ग्रांट

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** समग्र शिक्षा के तहत उदयपुर और सलूंबर जिले के 4,486 राजकीय विद्यालयों के लिए 3 करोड़ 55 लाख 46 हजार 250 रुपये की 25 प्रतिशत कंपोजिट स्कूल ग्रांट जारी करने की स्वीकृति दी गई है। इससे विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं शैक्षणिक गतिविधियों को गति मिलेगी। एडीपीसी कुंज बिहारी भारद्वाज ने बताया कि उदयपुर के 713 माध्यमिक विद्यालयों के लिए 1.12 करोड़ रुपये, सलूंबर के 202 माध्यमिक विद्यालयों के लिए 33.90 लाख रुपये तथा उदयपुर के 2,602 और सलूंबर के 969 प्रारंभिक विद्यालयों के लिए क्रमशः 1.56 करोड़ और 52.76 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को राशि आहरित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही एसएनए पोर्टल के माध्यम से इस मद के लंबित व्यय बिलों का भुगतान 17 जुलाई तक किया जा सकेगा।

### 19 जुलाई को लगेगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विज्ञान समिति, अशोक नगर परिसर में 134वां बिजय कुमार सुराणा स्मृति चिकित्सा शिविर रविवार, 19 जुलाई को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर संयोजक ए.के. जैन ने बताया कि शिविर में एलोपैथी, आयुर्वेद, एक्यूप्रेशर, फिजियोथेरेपी, योग एवं मेडिटेशन के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही ब्लड शुगर, यूरिया, थायराइड, ईसीजी, रक्तचाप और पल्स सहित विभिन्न जांचें भी निःशुल्क की जाएंगी। विज्ञान समिति के सचिव डॉ. आर.के. गर्ग ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने तथा अपनी पूर्व की चिकित्सा रिपोर्ट साथ लाने की अपील की।

### सरकारी विद्यालयों को कंपोजिट स्कूल ग्रांट की राशि जारी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** समग्र शिक्षा के तहत उदयपुर एवं सलूंबर जिले के राजकीय विद्यालयों के लिए 25 प्रतिशत कंपोजिट स्कूल ग्रांट जारी कर दी गई है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देश पर संबंधित ब्लॉक अधिकारियों को राशि आहरित करने की स्वीकृति जारी कर दी गई है। समग्र शिक्षा के एडीपीसी कुंज बिहारी भारद्वाज ने बताया कि उदयपुर जिले के माध्यमिक शिक्षा के 713 विद्यालयों के लिए 1.12 करोड़ रुपये तथा सलूंबर जिले के 202 विद्यालयों के लिए 33.90 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं प्रारंभिक शिक्षा के तहत उदयपुर के 2,602 विद्यालयों को 1.56 करोड़ रुपये और सलूंबर के 969 विद्यालयों को 52.76 लाख रुपये की राशि आहरित करने की अनुमति दी गई है।

# जैन धर्म भारतीय संस्कृति की आत्मा, समाज को बांटने की साजिशों से रहें सावधान: हार्दिक हुंडिया

**धर्म और समाज के नाम पर वैमनस्य फैलाने वालों को दिया करारा जवाब, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को बताया सर्वोपरि**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** जैन समाज के अग्रणी एवं ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा है कि जैन कोई समाज नहीं, बल्कि विश्व की सबसे प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं में से एक धर्म है, जो भारत की सनातन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ और राजनीतिक लाभ के लिए जैन और हिंदू समाज के बीच भ्रम तथा वैमनस्य फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। समाज को ऐसे तत्वों की पहचान कर उनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि जैन धर्म त्याग, तप, संयम, अहिंसा, समता, आत्मानुशासन और करुणा का संदेश देने वाला धर्म है, जिसकी गौरवशाली परंपरा लाखों वर्षों पुरानी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक पहचान विविधता में एकता की रही है और जैन धर्म उसी महान परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका में रहने वाला नागरिक अमेरिकी, जापान में रहने वाला जापानी और पाकिस्तान में रहने वाला पाकिस्तानी कहलाता है, तो भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक इस राष्ट्र की साझा सांस्कृतिक पहचान का भाग है। भारत की संस्कृति को विभाजित करने की मानसिकता रखने वाले लोगों को इतिहास और वास्तविकता दोनों को समझने की आवश्यकता है।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि जैन धर्म के सभी 24 तीर्थंकर क्षत्रिय कुल में अवतरित हुए तथा भगवान नेमीनाथ और भगवान श्रीकृष्ण के पारिवारिक संबंध भारतीय धार्मिक परंपराओं में वर्णित हैं। यह दशार्ता है कि भारत की आध्यात्मिक परंपराएं सदैव एक-दूसरे से जुड़ी रही हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में जैन धर्म ने कभी स्वयं को भारत की संस्कृति से अलग नहीं माना और न ही भविष्य में ऐसा होगा।

उन्होंने कहा कि आज भी देश के अनेक जैन परिवार भगवान शिव सहित अन्य देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा रखते हैं। भारत की धार्मिक विविधता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और इसे कमजोर करने का कोई भी प्रयास राष्ट्रहित में नहीं माना जा सकता।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि कुछ लोग सामाजिक सौहार्द बिगाड़कर अपनी राजनीतिक या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं पूरी करना चाहते हैं। ऐसे लोगों से समाज को सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग समाज को बांटने की बातें करते हैं, उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि उन्होंने समाज और राष्ट्र के लिए क्या सकारात्मक योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि जब भी देश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों पर संकट आया, तब समाज ने मिलकर उनका संरक्षण किया। अनेक अवसरों पर जैन और अन्य समाजों ने एक-दूसरे के धार्मिक स्थलों और परंपराओं की रक्षा में साथ खड़े होकर राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया है। यही भारत की वास्तविक पहचान है।

हार्दिक हुंडिया ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं हरिशंकर जैन और विष्णु जैन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने देश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरों से जुड़े अनेक मामलों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय संस्कृति और विरासत की रक्षा केवल किसी एक समाज का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का दायित्व है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को विभाजनकारी सोच से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और पारस्परिक सम्मान को मजबूत करने की आवश्यकता है। जैन धर्म का मूल संदेश अहिंसा, सत्य, करुणा और सहअस्तित्व है, इसलिए समाज को ऐसे विचारों से दूर रहना चाहिए जो आपसी कटुता और वैमनस्य को बढ़ावा देते हैं।

अंत में हार्दिक हुंडिया ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकजुटता है और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी सामाजिक समरसता। विभाजन नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और सद्भाव ही भारत की पहचान है।

## सलूम्बर में हेलमेट नहीं तो कार्रवाई तय: पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, 41 वाहन चालकों के काटे चालान







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकने और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक विशनाराम विश्नोई के निर्देशन में गुरुवार को यातायात शाखा, सलूम्बर द्वारा जिले में विशेष हेलमेट जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 41 वाहन चालकों के चालान बनाए गए।

यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृत्ताधिकारी, सलूम्बर के मार्गदर्शन में मुख्य बस स्टैंड, गणेश घाटी बायपास, जिला कलेक्ट्रेट परिसर तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर एक साथ संचालित किया गया। यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोककर मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार चालानी कार्रवाई की।

अभियान के दौरान पुलिस ने केवल कार्रवाई तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि जिला कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। वाहन चालकों को आईएसआई मानक का हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई।

यातायात प्रभारी एएसआई देवी दयाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम में हेड कांस्टेबल मयंक कुमार, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, देवी सिंह, विपुल कुमार एवं गणेश लाल ने संयुक्त रूप से अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

जिला यातायात पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी कवच है। प्रत्येक दोपहिया वाहन चालक स्वयं हेलमेट पहनें और अपने परिवार के सदस्यों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर जनहानि को रोका जा सके। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमित रूप से ऐसे विशेष अभियान जारी रहेंगे।

**कृषि विभाग और टैफे-जेफार्म सर्विसेज के बीच एमओयू**

## किसानों को किराये पर मिलेंगे आधुनिक कृषि यंत्र

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान कृषि विभाग और टैफे-जेफार्म सर्विसेज के बीच कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल से किसान डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रैक्टर और आधुनिक कृषि उपकरण बिना अतिरिक्त सेवा शुल्क के किराये पर प्राप्त कर सकेंगे। समझौते के तहत जेफार्म सर्विसेज प्लेटफॉर्म को राज किसान साथी पोर्टल से जोड़ा जाएगा। किसानों, कस्टम हायरिंग सेंटर, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और ट्रैक्टर मालिकों को एक मंच पर लाकर खेती के सभी चरणों में आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण युवाओं और एग्री-स्टार्टअप्स के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर तक कस्टम हायरिंग सेंटर विकसित कर छोटे और सीमांत किसानों को कम लागत में आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि यह पहल कृषि यंत्रीकरण, डिजिटल सेवाओं और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## तेलंगाना एसीबी का बड़ा ट्रैप: सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**हैदराबाद/आदिलाबाद।** तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आदिलाबाद सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राठौड़ विट्ठल और सहायक अभियंता रूपावथी रमेश को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी के अनुसार अधिशासी अभियंता ने शिकायतकर्ता और उसके भाइयों की कृषि भूमि पर पोल्ट्री फार्म निर्माण के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने के बदले 60 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। संबंधित भूमि के पास सिंचाई विभाग की एक छोटी नहर होने के कारण एनओसी आवश्यक थी। रिश्वत की राशि सहायक अभियंता के माध्यम से ली जा रही थी। शिकायत मिलने पर एसीबी की आदिलाबाद रेंज टीम ने जाल बिछाया और सहायक अभियंता के कब्जे से 60 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद कर दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड के लिए विशेष न्यायाधीश (एसपीई एवं एसीबी), करीमनगर की अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## वायरल वीडियो पर उदयपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई: युवक को पेड़ से उल्टा लटकाकर पीटने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सोशल मीडिया पर एक युवक को पेड़ से उल्टा लटकाकर मारपीट करने का वीडियो वायरल होने के बाद सायरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना कमोल गांव की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि समाज के नियमों का उल्लंघन कर शराब पीने के आरोप में युवक के साथ कथित रूप से सामाजिक दंड के नाम पर मारपीट की गई थी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून हाथ में लेने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## पूर्व डीजी (कारागार) अरुण दुगड़ का निधन



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस के पूर्व महानिदेशक (कारागार) एवं वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अरुण दुगड़ का निधन हो गया। उनके निधन पर पुलिस, प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक व्यक्त किया गया। अरुण दुगड़ ने लगभग 35 वर्षों तक राजस्थान पुलिस में सेवाएं दीं। उन्होंने सहायक पुलिस अधीक्षक से लेकर महानिदेशक (कारागार) तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे बांसवाड़ा, जालौर, टोंक, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, उदयपुर और अलवर के पुलिस अधीक्षक रहे। इसके अलावा राजस्थान पुलिस अकादमी, सीआईडी, एसीबी, आरएसी तथा पुलिस मुख्यालय सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और सितंबर 2005 में महानिदेशक (कारागार) पद से सेवानिवृत्त हुए।

उनकी अंतिम यात्रा 17 जुलाई को सुबह 10 बजे जवाहर नगर स्थित निवास से आदर्श नगर मोक्षधाम के लिए रवाना होगी, जबकि उठावना 18 जुलाई को सुबह 9:30 बजे अणुविभा केंद्र, मालवीय नगर, जयपुर में आयोजित होगा।

## देवगढ़ के शहरी सेवा शिविरों में 136 पट्टे जारी, सैकड़ों प्रकरणों का निस्तारण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** नगर पालिका देवगढ़ में 12 जून से 15 जुलाई तक आयोजित शहरी सेवा शिविरों का समापन बुधवार को हुआ। शिविरों के दौरान 193 पट्टा आवेदनों में से 136 का अनुमोदन कर पट्टे जारी किए गए तथा विभिन्न नागरिक सेवाओं के सैकड़ों लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविरों में भवन मानचित्र, नामांतरण, फ्री होल्ड, लीज, यूडी टैक्स एवं भू-उपयोग परिवर्तन सहित विभिन्न सेवाओं के प्रकरणों का त्वरित समाधान किया गया। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 38 आवेदन स्वीकृत कर 15 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 18 पात्र आवेदकों को पीपीओ जारी किए गए।




समापन अवसर पर नगर पालिका प्रशासक मोहकम सिंह, तहसीलदार सज्जनराम और अधिशाषी अधिकारी पिन्टूलाल जाट सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

## राज्यपाल ने भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को दिखाई हरी झंडी

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को गोविंद देवजी मंदिर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी भी मौजूद रहीं। रथयात्रा रवाना करने से पूर्व राज्यपाल ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की, छेरा पोहरा की परंपरा निभाई तथा विधिवत रथ खींचकर यात्रा की शुरूआत की।



## 18-19 जुलाई को होगी ब्लॉक स्तरीय पंच गौरव कबड्डी प्रतियोगिता




**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** पंच गौरव योजना के तहत 18 एवं 19 जुलाई को जिले की सभी पंचायत समितियों में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सभी ग्राम पंचायतों की बालक एवं बालिका टीमों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आयोजन के दौरान समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 से 21 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे तथा प्रत्येक टीम में अधिकतम 12 खिलाड़ी होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 26 जुलाई को लव-कुश संस्थान में आयोजित होगी। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के रिकॉर्ड एवं विजेता-उपविजेता टीमों की जानकारी 22 जुलाई तक खेल विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## 15 अगस्त तक निपटेंगे ग्रामीण सेवा शिविरों के लंबित प्रकरण

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार ने ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के दौरान प्राप्त सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का 15 अगस्त तक निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### होम्योपैथी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बोले–

## चिकित्सा ज्ञान की महान परंपरा का केंद्र है भारत

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** होम्योपैथी विश्वविद्यालय, जयपुर के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत






चिकित्सा से जुड़ी महान ज्ञान परंपरा का केंद्र रहा है। उन्होंने होम्योपैथी को प्रभावी चिकित्सा पद्धति बताते हुए युवा चिकित्सकों से अनुसंधान और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सभी चिकित्सा पद्धतियों का उद्देश्य स्वस्थ समाज का निर्माण है। उन्होंने होम्योपैथी को समग्र चिकित्सा पद्धति बताते हुए युवाओं से विकसित भारत के लिए योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं तथा चिकित्सा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया।

## जेल में 22 जुलाई को 2 हत्यारों की शादी

**जोधपुर @ पदमावत मीडिया।** जोधपुर के मंडोर ओपन जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे युवक-युवती 22 जुलाई को फेरे लेंगे। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने इसकी अनुमति दे दी है। राजस्थान के न्यायिक इतिहास में यह पहला मौका होगा जब किसी ओपन जेल (खुला बंदी शिविर) परिसर के भीतर दो दोषियों की शादी होगी। युवक नागौर का, जबकि युवती मुंबई की रहने वाली है। जेल में ही दोनों के बीच नदीकियां बढ़ीं और शादी का फैसला किया। यह ऐतिहासिक आदेश न्यायमूर्ति डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी एवं न्यायमूर्ति प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने जारी किया। मंडोर ओपन जेल में रहकर सजा काट रहे मूलाराम भाटी (33) और सीमा (31) आगामी 22 जुलाई को शादी करेंगे। सीमा की सहेली के पिता कन्यादान करेंगे। शादी के निमंत्रण पत्र (कार्ड) में पिता के स्थान पर उनका ही नाम लिखा गया है।

### वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए विदिशा पुलिस की सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत बनी मजबूत सहारा

# बेटों की बेरुखी के बीच वृद्धा को मिला सम्मानपूर्वक रहने का अधिकार, चार बेटों को भरण-पोषण की जिम्मेदारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस की देशभक्तिजनसेवा की भावना के अनुरूप वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस द्वारा निरंतर संवेदनशील पहल की जा रही है। इसी क्रम में विदिशा पुलिस द्वारा संचालित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े पारिवारिक, संपत्ति एवं भरण-पोषण संबंधी प्रकरणों की सुनवाई कर आपसी सहमति और समझाइश के माध्यम से प्रभावी समाधान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक में कुल 08 प्रकरणों की सुनवाई की गई। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा संबंधित पक्षों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना गया और आवश्यक परामर्श एवं समझाइश के माध्यम से विवादों के समाधान का प्रयास किया गया।



### बेटों की बेरुखी के बीच वृद्धा को मिला सम्मानपूर्वक रहने का अधिकार

एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी की बुजुर्ग पत्नी ने शिकायत की कि पति के निधन के बाद दोनों पुत्रों एवं बहुओं ने उनका साथ छोड़ दिया। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें भीख मांगकर अपने पति का अंतिम संस्कार करना पड़ा। इसके बाद दोनों पुत्र मकान पर अधिकार जताते हुए उन्हें घर से बेदखल करने का प्रयास कर रहे थे।

पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनने पर यह स्पष्ट हुआ कि मकान आवेदिका के पति की संपत्ति है। कोर कमेटी की समझाइश के बाद दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि वृद्धा को किसी भी प्रकार की मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना नहीं दी जाएगी तथा उन्हें बिना किसी बाधा के सम्मानपूर्वक मकान में रहने दिया जाएगा। साथ ही, भविष्य में उनकी सेवा एवं देखभाल को ध्यान में रखते हुए संपत्ति संबंधी निर्णय लेने का अधिकार भी सुरक्षित रहेगा।

### मारपीट के विवाद का शांतिपूर्ण समाधान

शमशाबाद क्षेत्र के एक वरिष्ठ नागरिक ने पुत्र एवं बहू द्वारा मारपीट किए जाने तथा परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा हथियार लेकर धमकाने की शिकायत की थी। पंचायत में दोनों पक्षों को सुनने के बाद विवादित कमरे के मूल्यांकन एवं उचित भुगतान की व्यवस्था का सुझाव दिया गया। दोनों पक्ष इस समाधान पर सहमत हुए तथा पूर्व में दर्ज शिकायतों के संबंध में भी आपसी सहमति से समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया।

### चार बेटों को भरण-पोषण की जिम्मेदारी

कुरवाई क्षेत्र के एक वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत की कि उनके चारों पुत्रों ने धोखाधड़ी से जमीन अपने नाम करा ली और अब उनका भरण-पोषण नहीं कर रहे हैं। पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद प्रत्येक पुत्र को 2 हजार रूपए प्रतिमाह भरण-पोषण राशि देने का सुझाव दिया गया, जिस पर सभी पक्षों ने सहमति व्यक्त की।

### वर्षों पुराना पारिवारिक विवाद समाप्त, मिठाई खिलाकर नई शुरूआत का संकल्प

गंजबासौदा क्षेत्र के एक वरिष्ठ नागरिक ने अपने भाई एवं परिवार के साथ लंबे समय से चले आ रहे विवाद और मारपीट की शिकायत की थी। विस्तृत सुनवाई के दौरान विवाद का मुख्य कारण आपसी अहम् एवं गलतफहमियां सामने आईं। पंचायत की समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद नहीं करने, सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा परिस्थितियां सामान्य होने पर पुराने प्रकरण में भी आपसी सहमति से समाधान का प्रयास करने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नई शुरूआत का संकल्प लिया।

बैठक में अन्य प्रकरणों की भी सुनवाई की गई। कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने तथा संबंधित पक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आगामी तिथि निर्धारित की गई।

मध्यप्रदेश पुलिस वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत जैसी पहल के माध्यम से पुलिस न केवल विवादों का समाधान कर रही है, बल्कि बुजुर्गों को भावनात्मक सहयोग, कानूनी मार्गदर्शन और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का भरोसा भी प्रदान कर रही है।

## नेम-राजुल के त्याग से सीखें जीवदया का वास्तविक संदेश, हिंसा का समर्थन नहीं करें : हार्दिक हुंडिया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** जैन समाज के अग्रणी एवं ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने भगवान अरिष्टनेमि (नेमीनाथ) और राजुल के जीवन प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हम स्वयं को भगवान नेमीनाथ का अनुयायी मानते हैं, तो सबसे पहले हमें उनके जीवन से जीवदया, करुणा और अहिंसा का संदेश अपने आचरण में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि केवल धार्मिक अनुष्ठान करने से नहीं, बल्कि जीवों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने से ही जैन धर्म की मूल भावना साकार होती है।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि भगवान नेमीनाथ के विवाह के समय जब उन्हें ज्ञात हुआ कि विवाह भोज के लिए असंख्य मूक पशुओं की बलि दी जाएगी, तब उन्होंने राजवैभव, विवाह और सांसारिक सुखों का त्याग कर संयम का मार्ग अपना लिया। उनके इस निर्णय ने संसार को यह संदेश दिया कि किसी भी उत्सव या व्यक्तिगत सुख से बढ़कर प्रत्येक जीव का जीवन




मूल्यवान है। उनके इस त्याग से प्रेरित होकर राजुल ने भी वैराग्य का मार्ग स्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि यह प्रसंग केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवदया और अहिंसा का ऐसा आदर्श है, जो आज भी समाज को आत्ममंथन करने के लिए प्रेरित करता है। यदि भगवान नेमीनाथ ने केवल मूक प्राणियों की संभावित हत्या की आशंका मात्र से अपना जीवन बदल दिया, तो आज हमें भी अपने आचरण पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि समाज में कई बार ऐसी परिस्थितियां देखने को मिलती हैं, जहां जैन परिवार भी ऐसे स्थानों पर आयोजित समारोहों में शामिल होते हैं, जहां मांसाहार परोसा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने विवेक से यह विचार करना चाहिए कि वह अपने धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों के अनुरूप जीवन जी रहा है या नहीं। उन्होंने आह्वान किया कि जैन समाज को भगवान नेमीनाथ के आदर्शों के अनुरूप अहिंसा और जीवदया के मूल सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जैन धर्म का मूल आधार अहिंसा, करुणा, संयम और सभी जीवों के प्रति समान संवेदना है। इसलिए समाज को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित न रहकर इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में ऐसा संकल्प लें, जिससे जीवों के प्रति दया, करुणा और अहिंसा की भावना और अधिक सशक्त हो तथा समाज में इन मूल्यों का व्यापक प्रसार हो।

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत प्रदेशभर में 1.5 लाख महिलाओं से संवाद



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में 1 से 29 जुलाई तक संचालित महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के दौरान अब तक लगभग 1.5 लाख महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली 1,588 महिला वॉलंटियर्स को सम्मानित किया गया। अभियान के तहत महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा, पोक्सो कानून और महिला अधिकारों को लेकर जनसंवाद, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। स्लम क्षेत्रों, ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों तथा कच्ची बस्तियों में कार्यरत महिलाओं तक भी पुलिस पहुंचकर सुरक्षा संबंधी जानकारी दे रही है। वहीं अकेले रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी विशेष पहल की जा रही है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से महिला सुरक्षा को सामाजिक दायित्व मानते हुए अभियान से जुड़ने की अपील की है।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के पहले दिन प्रदेशभर में व्यापक पैमाने पर हुए जनजागरूकता कार्यक्रम

# पहले दिन 1 लाख 85 हजार से अधिक लोगों तक पहुंचा अभियान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश पुलिस एवं द्वारा प्रारंभ किए गए राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के पहले ही दिन प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के प्रति समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया।

### पहले दिन 1 लाख 85 हजार से अधिक लोगों तक पहुंचा संदेश

15 जुलाई को प्रदेश के विभिन्न जिलों, पुलिस प्रशिक्षण शालाओं (ढळर) और वाहिनियों (इठ) में कुल 600 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से एक ही दिन में 1 लाख 85 हजार से अधिक नागरिकों, छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, और गणमान्य नागरिकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरूकता रैलियां, ड्रग अवेयरनेस रन, मैराथन, वाहन रैलियां, जनसंवाद, शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिताएं, जागरूकता रथ और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड, ग्राम एवं नगर रक्षा समितियों तथा आम नागरिकों ने अभियान में सहभागिता की।



### इंदौर में रोबोट ने दिया नशे से दूरी का संदेश, क्विज प्रतियोगिता और जागरूकता रैली बनी आकर्षण का केंद्र

इंदौर में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। जागरूकता रैली, जनसंवाद और क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों और नशामुक्त जीवन के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रोबोट के माध्यम से नशे से दूरी का संदेश दिया गया, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आरएपीटीसी इंदौर में प्रशिक्षणरत 340 नव आरक्षकों एवं स्टाफ द्वारा भी जागरूकता रैली आयोजित की गई।

### बुरहानपुर में 7 हजार लोगों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

बुरहानपुर में जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ अवसर पर मैराथन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 7 हजार लोगों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों और आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा न करने की शपथ दिलाई गई। विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### झाबुआ में 5 हजार लोगों ने लिया हिस्सा, नुक्कड़ नाटकों से दिया गया संदेश

झाबुआ में आयोजित ड्रग अवेयरनेस रन में लगभग 5 हजार लोगों ने सहभागिता की। स्थानीय कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों और नशामुक्त जीवन का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया।

### टीकमगढ़ में जागरूकता रथ रवाना, जिले के सभी थाना–चौकी क्षेत्रों में अभियान

टीकमगढ़ में पुलिस लाइन से जागरूकता रैली निकाली गई और जागरूकता रथ को रवाना किया गया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और युवा खिलाड़ियों ने नशे का बहिष्कार करने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी शपथ और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय भाषा और कलाकारों के माध्यम से भी अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

### आगर–मालवा में पुलिस के साथ विद्यार्थी, स्काउट गाइड, ग्राम रक्षा समिति और सामाजिक संगठनों की सहभागिता

आगर-मालवा में अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में



प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी, स्काउट गाइड, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य और एनजीओ प्रतिनिधि शामिल हुए। थाना कोतवाली परिसर से कंपनी गार्डन तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भी जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

### उज्जैन में 1000 लोगों ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प

उज्जैन जिले के बिरलाग्राम में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1000 लोगों ने नशे से दूरी बनाए रखने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

### खरगोन, धार और अन्य जिलों में वाहन रैलियों और जनसंवाद के माध्यम से व्यापक जागरूकता

खरगोन में पुलिसकर्मियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने रैलियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। धार में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सहभागिता से वाहन रैली आयोजित की गई, जिसे जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों से निकाला गया।

### विदिशा में मेडिटेशन, शपथ और



### हस्ताक्षर अभियान बना आकर्षण का केंद्र

विदिशा में पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मेडिटेशन, शपथ और हस्ताक्षर अभियान विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

### सीहोर में ग्रामीणों और विद्यार्थियों से जनसंवाद, सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता

सीहोर जिले में अभियान का शुभारंभ कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंवाद के माध्यम से नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक के संदेश पर आधारित जागरूकता वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया।

### प्रशिक्षण संस्थानों में भी नशामुक्ति का संकल्प

पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी में प्रशिक्षणरत 313 नव आरक्षकों एवं स्टाफ को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर में प्रशिक्षणरत 525 नव आरक्षकों एवं स्टाफ द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई तथा आकाशवाणी के माध्यम से भी नशामुक्ति का संदेश प्रसारित किया गया। जबलपुर, ग्वालियर, सिवनी, कटनी, खंडवा, उमरिया, शहडोल, नर्मदापुरम, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, मंदसौर, रतलाम, सीधी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्कूल-कॉलेजों, पुलिस थानों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड, ग्रामीण क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में रैलियों, शपथ, हस्ताक्षर अभियान, ई-शपथ, जनसंवाद, पोस्टर-पंपलेट वितरण, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता वाहनों और स्थानीय स्तर पर रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कई जिलों में पुलिस के साथ सामाजिक न्याय विभाग, शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, ब्रह्माकुमारी संस्थान, ग्राम रक्षा समितियों, एनसीसी, स्काउट गाइड और स्थानीय नागरिकों ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी की।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के माध्यम से मध्यप्रदेश पुलिस नशे के विरुद्ध जनजागरूकता को एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का रूप देने की दिशा में कार्य कर रही है। अभियान का उद्देश्य केवल नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता पैदा करना नहीं, बल्कि युवाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग को नशे के विरुद्ध एकजुट कर नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। मध्यप्रदेश पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार और आसपास के लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत – 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।